नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़िए और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से दीजिए ।

आपको जानना चाहिए कि अंग्रेज़ी पढ़कर हमने अपने राष्ट्र को गुलाम बनाया है । अंग्रेज़ी शिक्षा से ढोंग-ढकोसला, अत्याचार आदि बढ़े हैं । अंग्रेज़ी पढ़े हुए हिंदुस्तानियों ने आम लोगों को ठगने और उन्हें डरवाने में कोई कसर नहीं रखी है । अगर हम उनके लिए कुछ कर रहे हैं तो अपने ऊपर लदे हुए उनके ऋण का एक अंश मात्र चुका रहे हैं । यह क्या थोड़ा जुल्म है कि अपने देश में काम पाने के लिए भी हमें अंग्रेज़ी का ही सहारा लेना पड़ता है ? मैं जब बैरिस्टर बन जाता हूँ तब मुझसे अपनी भाषा में बोला नहीं जाता और मेरे पास एक ऐसा आदमी होना चाहिए जो मेरी अपनी भाषा से ही मेरे लिए उलथा कर दिया करे । यह क्या कोई छोटी विडंबना है ? यह गुलामी की हद नहीं तो क्या है ? इसके लिए मैं अंग्रेज़ों को दोष दूँ या अपने आपको ? हम अंग्रेज़ीदाँ लोग ही हिंदुस्तान को गुलाम बनाने वाले हैं ।

Q 41 अंग्रेज़ी शिक्षा के कारण

(1) अपनी भाषा समाप्त हो गई

(2) लोग बैरिस्टर बन गए

(3) ढोंग-ढकोसला बढ़ा है

(4) हमारा विकास हुआ है

नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़िए और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से दीजिए ।

आपको जानना चाहिए कि अंग्रेज़ी पढ़कर हमने अपने राष्ट्र को गुलाम बनाया है । अंग्रेज़ी शिक्षा से ढोंग-ढकोसला, अत्याचार आदि बढ़े हैं । अंग्रेज़ी पढ़े हुए हिंदुस्तानियों ने आम लोगों को ठगने और उन्हें डरवाने में कोई कसर नहीं रखी है । अगर हम उनके लिए कुछ कर रहे हैं तो अपने ऊपर लदे हुए उनके ऋण का एक अंश मात्र चुका रहे हैं । यह क्या थोड़ा जुल्म है कि अपने देश में काम पाने के लिए भी हमें अंग्रेज़ी का ही सहारा लेना पड़ता है ? मैं जब बैरिस्टर बन जाता हूँ तब मुझसे अपनी भाषा में बोला नहीं जाता और मेरे पास एक ऐसा आदमी होना चाहिए जो मेरी अपनी भाषा से ही मेरे लिए उलथा कर दिया करे । यह क्या कोई छोटी विडंबना है ? यह गुलामी की हद नहीं तो क्या है ? इसके लिए मैं अंग्रेज़ों को दोष दूँ या अपने आपको ? हम अंग्रेज़ीदाँ लोग ही हिंदुस्तान को गुलाम बनाने वाले हैं ।

Q 42 हिंदुस्तान को गुलाम बनाने वाले लोग निम्नलिखित में से कौन-से हैं ?

(1) जो अंग्रेज़ी भाषा जानते हैं

(2) विदेश से आए अंग्रेज़ लोग

(3) अंग्रेज़ी साहित्य लिखने वाले लोग

(4) अंग्रेज़ी की दूषित मानसिकता वाले लोग

नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़िए और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से दीजिए ।

आपको जानना चाहिए कि अंग्रेज़ी पढ़कर हमने अपने राष्ट्र को गुलाम बनाया है । अंग्रेज़ी शिक्षा से ढोंग-ढकोसला, अत्याचार आदि बढ़े हैं । अंग्रेज़ी पढ़े हुए हिंदुस्तानियों ने आम लोगों को ठगने और उन्हें डरवाने में कोई कसर नहीं रखी है । अगर हम उनके लिए कुछ कर रहे हैं तो अपने ऊपर लदे हुए उनके ऋण का एक अंश मात्र चुका रहे हैं । यह क्या थोड़ा जुल्म है कि अपने देश में काम पाने के लिए भी हमें अंग्रेज़ी का ही सहारा लेना पड़ता है ? मैं जब बैरिस्टर बन जाता हूँ तब मुझसे अपनी भाषा में बोला नहीं जाता और मेरे पास एक ऐसा आदमी होना चाहिए जो मेरी अपनी भाषा से ही मेरे लिए उलथा कर दिया करे । यह क्या कोई छोटी विडंबना है ? यह गुलामी की हद नहीं तो क्या है ? इसके लिए मैं अंग्रेज़ों को दोष दूँ या अपने आपको ? हम अंग्रेज़ीदाँ लोग ही हिंदुस्तान को गुलाम बनाने वाले हैं ।

Q 43 एक पद विशेष पर आकर व्यक्ति

(1) अपनी भाषा का बहुत सम्मान करता है

(2) अपनी भाषा का सम्मान नहीं करता

(3) केवल अंग्रेज़ी भाषा का प्रचार-प्रसार करता है

(4) अपनी भाषा छोड़ अंग्रेज़ी का प्रयोग करता है

नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़िए और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से दीजिए ।

आपको जानना चाहिए कि अंग्रेज़ी पढ़कर हमने अपने राष्ट्र को गुलाम बनाया है । अंग्रेज़ी शिक्षा से ढोंग-ढकोसला, अत्याचार आदि बढ़े हैं । अंग्रेज़ी पढ़े हुए हिंदुस्तानियों ने आम लोगों को ठगने और उन्हें डरवाने में कोई कसर नहीं रखी है । अगर हम उनके लिए कुछ कर रहे हैं तो अपने ऊपर लदे हुए उनके ऋण का एक अंश मात्र चुका रहे हैं । यह क्या थोड़ा जुल्म है कि अपने देश में काम पाने के लिए भी हमें अंग्रेज़ी का ही सहारा लेना पड़ता है ? मैं जब बैरिस्टर बन जाता हूँ तब मुझसे अपनी भाषा में बोला नहीं जाता और मेरे पास एक ऐसा आदमी होना चाहिए जो मेरी अपनी भाषा से ही मेरे लिए उलथा कर दिया करे । यह क्या कोई छोटी विडंबना है ? यह गुलामी की हद नहीं तो क्या है ? इसके लिए मैं अंग्रेज़ों को दोष दूँ या अपने आपको ? हम अंग्रेज़ीदाँ लोग ही हिंदुस्तान को गुलाम बनाने वाले हैं ।

Q 44 गुलामी की हद है :

(1) अंग्रेज़ी भाषा का गुलाम हो जाना
(2) अंग्रेज़ों के गुलाम हो जाना
(3) अंग्रेज़ी भाषा में बात न करना
(4) अपनी भाषा में ही बात करना

नीचे दिए गए अवतरण को ध्यान से पढ़िए और उससे संबंधित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से दीजिए ।

आपको जानना चाहिए कि अंग्रेज़ी पढ़कर हमने अपने राष्ट्र को गुलाम बनाया है । अंग्रेज़ी शिक्षा से ढोंग-ढकोसला, अत्याचार आदि बढ़े हैं । अंग्रेज़ी पढ़े हुए हिंदुस्तानियों ने आम लोगों को ठगने और उन्हें डरवाने में कोई कसर नहीं रखी है । अगर हम उनके लिए कुछ कर रहे हैं तो अपने ऊपर लदे हुए उनके ऋण का एक अंश मात्र चुका रहे हैं । यह क्या थोड़ा जुल्म है कि अपने देश में काम पाने के लिए भी हमें अंग्रेज़ी का ही सहारा लेना पड़ता है ? मैं जब बैरिस्टर बन जाता हूँ तब मुझसे अपनी भाषा में बोला नहीं जाता और मेरे पास एक ऐसा आदमी होना चाहिए जो मेरी अपनी भाषा से ही मेरे लिए उलथा कर दिया करे । यह क्या कोई छोटी विडंबना है ? यह गुलामी की हद नहीं तो क्या है ? इसके लिए मैं अंग्रेज़ों को दोष दूँ या अपने आपको ? हम अंग्रेज़ीदाँ लोग ही हिंदुस्तान को गुलाम बनाने वाले हैं ।

Q 45 लेखक ने सबसे बड़ी विडम्बना किसे कहा है ?

(1) अंग्रेज़ी भाषा से हिन्दी भाषा में अनुवाद करना
(2) हमारी अपनी भाषा से ही हमारे लिए अनुवाद करना
(3) हिन्दी भाषा को अंग्रेज़ी भाषा में रूपांतरित करना
(4) बैरिस्टर बनकर अपनी भाषा का प्रयोग करना

Q 46 'पृथ्वीराज रासो' के रचयिता हैं :

(1) विद्यापति
(2) नरपति नाल्ह
(3) खुम्माण
(4) चंदबरदाई

Q 47 किसने लोकभाषा को अपभ्रंश नाम न देकर 'देशभाषा' ही कहा है ?

(1) रामचंद्र शुक्ल
(2) भरत मुनि
(3) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी
(4) देवसेन

Q 48 'मैला आँचल' उपन्यास के प्रमुख पात्र हैं :

(1) डॉ. प्रशांत बनर्जी एवं कमली
(2) डॉ. प्रशांत बनर्जी एवं निर्मला
(3) कमली एवं बलराज देव
(4) निर्मला एवं बालदेव

Q 49 प्रेमचंद के अपूर्ण उपन्यास का नाम है :

(1) मंगलसूत्र
(2) ग़बन
(3) प्रेमाश्रम
(4) कायाकल्प

Q 50 निम्नलिखित में से असंगत युग्म है :
(1) प्रेमचंद – निर्मला
(2) चतुरसेन शास्त्री – वैशाली की नगर वधू
(3) जैनेंद्र – त्याग पत्र
(4) भगवतीचरण वर्मा – विराटा की पद्मिनी

Q 51 निम्नलिखित में से असंगत युग्म है :
(1) निंदिया लागी – भगवती प्रसाद वाजपेयी
(2) उसने कहा था – चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'
(3) आकाशदीप – जयशंकर प्रसाद
(4) भुनगा – प्रेमचंद

Q 52 देश की सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था से पीड़ित जनसमुदाय की दुर्दशा सामने लाने वाली कहानी ***नहीं*** है :
(1) निंदिया लागी
(2) हृदयगति
(3) अपना-अपना भाग्य
(4) शतरंज के खिलाड़ी

Q 53 उषा प्रियंवदा की कहानी है :
(1) पाजेब
(2) वापसी
(3) श्वेतकेतु
(4) हेरम्या

Q 54 'घीसू' प्रेमचंद की किस कहानी का पात्र है ?
(1) कफ़न
(2) शतरंज के खिलाड़ी
(3) ईदगाह
(4) पंचपरमेश्वर

Q 55 निम्नलिखित में से असंगत युग्म है :
(1) जयशंकर प्रसाद – स्कंदगुप्त
(2) गोविंदवल्लभ पंत – वरमाला
(3) बदरीनाथ भट्ट – दुर्गावती
(4) लक्ष्मीनारायण मिश्र – तुलसीदास

Q 56 'आधे-अधूरे' नाटक के लेखक कौन हैं ?
(1) लक्ष्मीनारायण मिश्र
(2) हरिकृष्ण प्रेमी
(3) बदरीनाथ भट्ट
(4) मोहन राकेश

Q 57 वृंदालाल वर्मा का नाटक ***नहीं*** है

(1) राखी की लाज

(2) सुदामा

(3) झाँसी की रानी

(4) सगुन

Q 58 'भाषा की पूर्ण शक्ति का विकास निबंधों में ही सबसे अधिक संभव होता है ।' यह कथन किसका है ?

(1) रामचंद्र शुक्ल

(2) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(3) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(4) बालकृष्ण भट्ट

Q 59 निम्नलिखित में से संगत युग्म है :

(1) बातों के संग्रह – महावीर प्रसाद द्विवेदी

(2) विभक्ति विचार – रामचंद्र शुक्ल

(3) चिंतामणि – अध्यापक पूर्णसिंह

(4) अशोक के फूल – जैनेंद्र

Q 60 निम्नलिखित में से कौन-सा निबंध विद्यानिवास मिश्र का ***नहीं*** है ?

(1) तुम चंदन हम पानी

(2) ठेले पर हिमालय

(3) आँगन का पंछी और बंजारा मन

(4) छितवन की छाँह

Q 61 निम्नलिखित में से असंगत युग्म है :

(1) सुखमय जीवन – चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'

(2) प्रतिध्वनि – जयशंकर प्रसाद

(3) विपथगा – अज्ञेय

(4) लंच-टाइम – मोहन राकेश

Q 62 निर्मल वर्मा की कहानी ***नहीं*** है :

(1) परिंदे

(2) तीसरी कसम

(3) जलती झाड़ी

(4) कुत्ते की मौत

Q 63 'उत्तर अपभ्रंश ही पुरानी हिन्दी है ।' यह कथन किसका है ?

(1) चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'

(2) आचार्य रामचंद्र शुक्ल

(3) नामवर सिंह

(4) जॉर्ज ग्रियर्सन

Q 64 'ऐसा हो सकता कि संस्मरण हू-ब-हू कहानी के रूप में हो । अच्छे लिखे गए संस्मरण और कहानी में अंतर नहीं रहता ।' यह कथन किसका है ?

(1) रामवृक्ष बेनीपुरी

(2) महादेवी वर्मा

(3) निर्मल वर्मा

(4) उपेन्द्रनाथ 'अश्क'

Q 65 महादेवी वर्मा के 'पथ के साथी' में किनके संस्मरण शामिल हैं ?

(1) प्रसाद, पंत, निराला एवं श्रीधर पाठक

(2) सुभद्रा कुमारी चौहान, प्रसाद, पंत, निराला

(3) मैथिलीशरण गुप्त, उपेन्द्रनाथ 'अश्क', प्रसाद, पंत

(4) श्रीधर पाठक, मैथिलीशरण गुप्त, रवींद्रनाथ ठाकुर

Q 66 'कलम का सिपाही' जीवनी के रचयिता कौन हैं ?

(1) प्रेमचंद

(2) अमृतराय

(3) अज्ञेय

(4) फणीश्वरनाथ रेणु

Q 67 हरिवंश राय बच्चन की आत्मकथा 'क्या भूलूँ क्या याद करूँ' का प्रथम संस्करण कब प्रकाशित हुआ था ?

(1) 1969

(2) 1970

(3) 1971

(4) 1972

Q 68 'भारत बंधु' पत्रिका के संपादक थे :

(1) कन्हैयालाल

(2) बालकृष्ण भट्ट

(3) तोताराम

(4) सदानंद मिश्र

Q 69 राहुल सांकृत्यायन का प्रसिद्ध यात्रा संस्मरण निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(1) यात्रा का आनंद

(2) अरे यायावर रहेगा याद

(3) आख़िरी चट्टान तक

(4) किन्नर देश में

Q 70 निम्नलिखित में से सही युग्म ***नहीं*** है :

(1) शिवपूजन सहाय – दस तस्वीरें

(2) रामवृक्ष बेनीपुरी – गेहूँ और गुलाब

(3) बनारसी दास चतुर्वेदी – रेखाचित्र

(4) रामविलास शर्मा – विराम चिह्न

Q 71 राहुल सांकृत्यायन ने आदिकाल को क्या नाम दिया है ?

(1) सिद्ध नाथ युग

(2) सामंत युग

(3) सिद्ध सामंत युग

(4) अपभ्रंश युग

Q 72 रामचंद्र शुक्ल के अनुसार 'आदिकाल' की काल सीमा है :

(1) संवत् 900 से संवत् 1300

(2) संवत् 1000 से संवत् 1350
(3) संवत् 1050 से संवत् 1375
(4) संवत् 1100 से संवत् 1400

Q 73 निम्नलिखित में से असंगत युग्म है :
(1) परमाल रासो – जगनिक
(2) खुमाण रासो – दलपति विजय
(3) पृथ्वीराज रासो – चंदबरदाई
(4) बीसलदेव रासो – नल्हसिंह भाट

Q 74 आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने जिन 12 ग्रंथों के आधार पर आदिकाल का नामकरण किया था, उसमें शामिल ***नहीं*** है :
(1) विद्यापति पदावली
(2) कीर्तिलता
(3) कीर्तिपताका
(4) कवितावली

Q 75 'गोरख जगायो जोग, भगति भगायो लोग ।' यह पंक्ति किसकी है ?
(1) विद्यापति
(2) तुलसीदास
(3) नंददास
(4) रैदास

Q 76 निर्गुण भक्ति के समूह में शामिल ***नहीं*** हैं :
(1) कबीर
(2) नंददास
(3) रैदास
(4) गुरुनानक

Q 77 'जो नर दुख में दुख नहीं मानै ।
सुख-सनेह ऊरु भय नहिं जाके, कंचन माटी जानै ।।'
पंक्तियाँ किसके पद से ली गई हैं ?
(1) कबीर
(2) गुरुनानक
(3) दादूदयाल
(4) रैदास

Q 78 'रामाज्ञा प्रश्न' के रचयिता कौन हैं ?
(1) सुंदरदास
(2) रामानंद
(3) रामानुज
(4) तुलसीदास

Q 79 'रामभक्ति' शाखा के कवि ***नहीं*** हैं :
(1) स्वामी अग्रदास
(2) तुलसीदास

(3) नंददास

(4) नाभादास

Q 80 वल्लभाचार्य के मुख्य ग्रंथ हैं :

(1) पूर्व मीमांसा भाष्य, सुबोधिनी टीका

(2) पूर्व मीमांसा भाष्य, सुभाषित टीका

(3) उत्तर मीमांसा, कीर्ति पताका

(4) सुबोधिनी टीका, कीर्ति पताका

Q 81 सूरदास कृत 'भ्रमरगीत' का मुख्य विषय है :

(1) प्रेम पर योग की विजय

(2) प्रेम की ज्ञान पर विजय

(3) ज्ञान पर भक्ति की विजय

(4) प्रेम पर भक्ति की विजय

Q 82 अष्टछाप कवियों में शामिल ***नहीं*** हैं :

(1) रामानंद

(2) छीतस्वामी

(3) चतुर्भुज दास

(4) नंददास

Q 83 'जाके प्रिय न राम-बैदेही ।
सो नर तजिय कोटि बैरी सम जद्यपि परम सनेही ।।'
कहाँ से उद्धृत है ?

(1) तुलसीदास की 'कवितावली' से

(2) तुलसीदास की 'विनय पत्रिका' से

(3) चतुर्भुज दास के 'भक्ति प्रताप' से

(4) नंददास की 'रासपंचाध्यायी' से

Q 84 अतिसूधो सनेह को मारग है, जहँ नेकु सयानपन बाँक नहीं ।
पंक्ति के रचयिता हैं

(1) देव

(2) बिहारी

(3) ठाकुर

(4) घनानंद

Q 85 निम्नलिखित में से असंगत युग्म है :

(1) केशवदास – रामचंद्रिका

(2) मतिराम – रसराज

(3) भूषण – देवचरित्र

(4) भिखारीदास – श्रृंगार निर्णय

Q 86 'निजभाषा उन्नति अहै, सब उन्नति को मूल ।'
पंक्ति किसकी है ?

(1) मैथिलीशरण गुप्त

(2) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(3) जयशंकर प्रसाद

(4) श्रीधर पाठक

Q 87 जयशंकर प्रसाद की रचना ***नहीं*** है :

(1) प्रलय

(2) लहर

(3) आँसू

(4) कामायनी

Q 88 अज्ञेय की रचना ***नहीं*** है :

(1) आँचल दीप

(2) यह दीप अकेला

(3) नदी के द्वीप

(4) आँगन के पार द्वार

Q 89 प्रगतिशील कविताओं में अभिव्यक्त होते हैं __________ के स्वर ।

(1) केवल महिलाओं की संवेदनाओं

(2) किसान मज़दूरों का अतिक्रमण

(3) किसान मज़दूरों के प्रति लगाव

(4) राष्ट्रीयता, राष्ट्रवाद आदि

Q 90 समकालीन कविता की विशेषता ***नहीं*** है :

(1) संघर्ष की ईमानदारी

(2) युवा-विद्रोह

(3) जीवन की यंत्रणाएँ

(4) आदर्शवाद

Q 91 'कोरी भावुकता के स्थान पर ठोस बौद्धिकता को स्वीकार करती है' :

(1) छायावादी कविता

(2) उत्तर छायावादी कविता

(3) प्रयोगवादी कविता

(4) रीतिकालीन कविता

Q 92 निम्नलिखित में से असंगत युग्म है :

(1) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' – प्रियप्रवास

(2) जगन्नाथदास 'रत्नाकर' – उद्धव शतक

(3) मैथिलीशरण गुप्त – भारत भारती

(4) सत्यनारायण कविरत्न – श्री कृष्ण शतक

Q 93 निम्नलिखित में से राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत कविताएँ किसने लिखी हैं ?

(1) महादेवी वर्मा

(2) रामधारी सिंह 'दिनकर'

(3) सुमित्रानंदन पंत

(4) शमशेर बहादुर सिंह

Q 94 पश्चिमी हिन्दी की बोली ***नहीं*** है :

(1) कौरवी
(2) खड़ी बोली
(3) कन्नौजी
(4) अवधी

Q 95 हिन्दी किस भाषा परिवार की भाषा है ?
(1) द्रविड़ कुल
(2) भारत-यूरोपीय
(3) ऑस्ट्रिक
(4) यूराल-अल्ताई कुल

Q 96 कौन-सी भाषाएँ देवनागरी लिपि में लिखी जाती हैं ?
(1) हिन्दी, मराठी, तमिल
(2) हिन्दी, मराठी, संस्कृत
(3) मराठी, संस्कृत, लेप्चा
(4) संस्कृत, लेप्चा, मुंडारी

Q 97 तालव्य ध्वनि ***नहीं*** है :
(1) त
(2) थ
(3) द
(4) ड

Q 98 विसर्ग संधि का उदाहरण है :
(1) सज्जन
(2) उच्छ्वास
(3) परिष्कार
(4) स्वागत

Q 99 किस शब्द की वर्तनी सही है ?
(1) सन्यासी
(2) संन्यासी
(3) संयासी
(4) सम्न्यासी

Q 100 निम्नलिखित में से तत्सम ***नहीं*** है :
(1) रात्रि
(2) वर्ष
(3) घर
(4) वधू

Q 101 'पर्वत' का पर्यायवाची शब्द है :
(1) महीधर
(2) शूल
(3) अटल
(4) मही

Q 102 निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य व्याकरण सम्मत है ?

(1) आप बाज़ार से सामान ले आओ ।

(2) आप बाज़ार से सामान ले आइए ।

(3) तुम बाज़ार से सामान ले आइए ।

(4) आप बाज़ार से सामान ले आना ।

Q 103 'उन्नति' का विलोम शब्द है :

(1) अवनति

(2) ह्रास

(3) पतन

(4) क्षीण

Q 104 योगरूढ़ शब्द का उदाहरण है :

(1) सविता

(2) जलज

(3) चौराहा

(4) कंटक

Q 105 'वह <u>धीमे-धीमे</u> हँस रही थी ।' वाक्य का रेखांकित अंश है :

(1) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण

(2) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण

(3) समयवाचक क्रिया-विशेषण

(4) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण

Q 106 'दिन-रात' में कौन-सा समास है ?

(1) तत्पुरुष

(2) द्विगु

(3) द्वंद्व

(4) कर्मधारय

Q 107 संदेहवाचक वाक्य का उदाहरण है :

(1) यहाँ बैठ जाइए ।

(2) मोहन दिल्ली गया है ।

(3) वह इस समय आता होगा

(4) आज बारिश नहीं होगी

Q 108 निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य ***नहीं*** है :

(1) सोहन ने बताया कि गाड़ी छूट गई ।

(2) यह सच है कि बच्चा निर्दोष है ।

(3) जो पैसे आपने दिए थे, वे खर्च हो गए ।

(4) आज सारे बच्चे और बड़े घर चले गए ।

Q 109 'तरणि के ही संग तरल तरंग में
तरणि डूबी थी हमारी ताल में ।'
पंक्तियों में अलंकार है :

(1) यमक

(2) श्लेष

(3) रूपक

(4) उपमा

Q 110 मानवीकरण अलंकार का उदाहरण है :

(1) चेतना लहर न उठेगी ।

(2) धीरे-धीरे उतर क्षितिज से, आ वसंत-रजनी ।

(3) चमचमात चंचल नयन, बिच घूँघट-पट झीन ।

(4) होते विकंपित भी नहीं क्या अचल भूधर भी यहाँ ?

Q 111 'साँच को आँच नहीं' लोकोक्ति का अर्थ है :

(1) सच्चे व्यक्ति को डर लगता है

(2) सच्चे व्यक्ति आग से दूर रहते हैं

(3) सच्चे व्यक्ति को कोई डर नहीं

(4) सत्य व्यक्ति का मानवीय गुण है

Q 112 संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार हिन्दी संघ की राजभाषा है ?

(1) अनुच्छेद 343 (ख)

(2) अनुच्छेद 343 (क)

(3) अनुच्छेद 351

(4) अनुच्छेद 352

Q 113 संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ हैं ?

(1) 20

(2) 21

(3) 22

(4) 23

Q 114 कौन-सा शब्द कार्यालयी हिन्दी से संबद्ध ***नहीं*** है ?

(1) कार्यवृत्त

(2) टिप्पण

(3) अनुस्मारक

(4) पटकथा

Q 115 प्रयोजनमूलक हिन्दी का उदाहरण ***नहीं*** है :

(1) वाणिज्यिक प्रयुक्ति

(2) वैज्ञानिक भाषा प्रयुक्ति

(3) कार्यालयी प्रयुक्ति

(4) खेती-बाड़ी प्रयुक्ति

Q 116 'वृष्टि' का विलोम शब्द है :

(1) अकाल

(2) सूखा

(3) अनावृष्टि

(4) शुष्क

Q 117 'दूसरा सप्तक' में शामिल कवि ***नहीं*** है :

(1) श्रीराम वर्मा
(2) भवानी प्रसाद मिश्र
(3) शमशेर बहादुर सिंह
(4) रघुवीर सहाय

Q 118 निम्नलिखित में गजानन माधव 'मुक्तिबोध' की रचना है :
(1) धूप के धान
(2) साक्षी रहे वर्तमान
(3) अंधा युग
(4) ब्रह्म राक्षस

Q 119 'परती परिकथा' उपन्यास के कथानक के केंद्र में कौन-से पात्र हैं ?
(1) ताजमनी तथा लीलावती
(2) शिवेंद्र तथा ताजमनी
(3) लीलावती तथा शिवेंद्र
(4) ताजमनी तथा हेमेंद्र

Q 120 निम्नलिखित में से कौन-सा काव्य-संग्रह सुमित्रानंदन पंत का ***नहीं*** है ?
(1) वीणा
(2) पल्लव
(3) दीपशिखा
(4) ग्राम्या